राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः— एफ.2 (क) (A-258) अलेसे—I/2598-2601 दिनांकः— 13/02/23

श्री दीपक कुमार गुप्ता,
सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I,
कार्यालय राजकीय यूजी महाविद्यालय (छात्रा),
दौसा।

श्री अनिल कुमार शर्मा,
सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I,
कार्यालय मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग, जयपुर।

## कारण बताओ नोटिस

विषयः— नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत विभागीय आदेश संख्या 111/2022—23 दिनांक 15.01.2023 के द्वारा आपका स्थानान्तरण वर्तमान कार्यालय से कार्यालय निदेशक, पशुपालन विभाग, जयपुर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I के रिक्त पद पर किया गया था, किन्तु आप द्वारा आदिनांक तक नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं किया हैं। उक्त आदेश की पालना नहीं करना गम्भीर लापरवाही एवं राजकीय आदेशों की स्पष्ट अवहेलना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप उक्त आदेश दिनांक 15.01.2023 की पालना में अतिशीघ्र नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करें एवं उक्त आदेश की पालना आदिनांक तक नहीं किये जाने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के एक दिवस में आवश्यक रूप से इस विभाग को प्रस्तुत करें, कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावें।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—I)

क्रमांकः— एफ.2 (क) (A-337) अलेसे—I/2598-2601 दिनांकः— 13/02/23

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. प्राचार्य, राजकीय यूजी महाविद्यालय (छात्रा), दौसा।
2. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, जयपुर।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—I)